दैनिक जागरण 14/02/2023

# जीएनएम कालेज में यातायात नियमों की जानकारी दी



एनएसएस शिविर में यातायात नियमों की जानकारी देते एसआइ अनिल कुमार। ● विज्ञप्ति

**अंबला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा गांव खुड्डा कलां में चलाए जा रहे शिविर के पांचवें दिन विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कालेज के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा इसका आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस से एसआइ अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस वालों को हमें अपना दोस्त समझना चाहिए, क्योंकि पुलिस लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है। सरकार द्वारा दिये गए नंबर 112 पर आप अपनी कोई भी समस्या बता सकते हैं। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि एनएसएस शिविर में अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया। डा. अनीश ने बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय में सत्र में दो बार इस तरह के प्रशिक्षण देने चाहिएं। डा. सरोज ने बताया कि ट्रैफिक नियम हमें किसी भी बड़ी दुर्घटना से बचा सकते हैं। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के नोडल आफिसर डा. चंद्रपाल पूनिया भी मौजूद रहे। (जासं)